11वीं में एडमिशन की प्रक्रिया आठ से 17.50 लाख सीटों पर होगा नामांकन

संवाददाता, पटना

उच्च माध्यमिक विद्यालयों में (शैक्षणिक सत्र 2026-28) कक्षा 11वीं में नामांकन की प्रक्रिया आठ अप्रैल से शुरू होगी. इसके लिए समिति ने तैयारी कर ली है. कुल 9988 प्लस टू विद्यालयों में अलग-अलग संकाय में एडमिशन होना है. करीब 9988 संस्थानों के 17.50 लाख सीटों पर एडमिशन होगा. समिति ने संस्थानों के साथ स्ट्रीम वाइज सीटों का विवरण जारी कर दिया है. इन सीटों के आंकड़ों पर 30 मार्च तक आपत्ति मांगी गयी है. सोमवार को आपत्ति की तिथि भी समाप्त हो गयी है. समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया है कि आपत्तियों का निराकरण दो से तीन दिनों में कर लिया जायेगा. 180 के आसपास आपत्तियां मिली है. इन आपत्तियों का निदान करके फाइनल सीटों का विवरण संकायवार जारी कर दिया जायेगा. इसके बाद आठ अप्रैल से आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी.

9988 संस्थानों की सूची जारी की जायेगी

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटर में एडमिशन को लेकर तैयारी मैट्रिक रिजल्ट से पहले ही शुरू कर दी है. समिति ने इंटर स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले राज्य के सभी सरकारी, गैर सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय की सूची ओएफएसएस वेबसाइट पर अपलोड कर दिया था. समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि इस बार 9988 शिक्षण संस्थानों की सूची संकायवार सीटों के साथ जारी की जायेगी. इसकी सूचना भी वेबसाइट पर दी जायेगी. सीटों की संख्या से संबंधित सूची ओएफएसएस वेबसाइट www.ofssbihar.in पर अपलोड है. इंटर में एडमिशन के लिए कुल 9988 शिक्षण संस्थान इस बार शामिल हो रहे हैं. इसमें 17.50 लाख से अधिक सीटों पर एडमिशन होगा.

आठ अप्रैल से शुरू हो जायेगी एडमिशन की प्रक्रिया : आनंद किशोर ने बताया कि 11वीं में एडमिशन प्रक्रिया आठ अप्रैल से शुरू की जायेगी. विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करेंगे. आवेदन की अंतिम तिथि आठ को जारी कर दी जायेगी. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने कहा है कि सामान्य आवेदन पत्र एवं सामान्य सूची पत्र समिति के वेबसाइट www.ofssbihar.org पर उपलब्ध रहेगी. केवल उच्च माध्यमिक स्तर के शिक्षा प्रदान करने वाली मान्यता प्राप्त सभी सरकारी व गैर सरकारी इंटर स्तरीय शिक्षण संस्थानों में नामांकन के लिए ओएफएसएस के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जायेगा. ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा.

निजी स्कूलों में 11वीं में एडमिशन की तैयारी

पटना. सीबीएसइ की ओर से 10वीं की बोर्ड परीक्षा खत्म होने के बाद निजी स्कूलों ने 11वीं में एडमिशन की तैयारी शुरू कर दी है. इसके लिए विभिन्न स्कूलों ने अपनी वेबसाइट पर 11वीं में एडमिशन को लेकर एलिजिबिलिटी अपडेट कर दिया है. संत माइकल हाइस्कूल में 10वीं के रिजल्ट जारी होने के बाद ही वेबसाइट पर 11वीं में एडमिशन के लिए फॉर्म जारी दिया जायेगा. वहीं, नॉट्रेडेम एकेडमी की ओर से भी बताया गया कि स्कूल के स्टूडेंट की लिस्ट के अनुसार ही अन्य विद्यार्थियों के एडमिशन के लिए फॉर्म जारी किया जायेगा. वहीं, डीएवी बीएसइबी के प्राचार्य एसी झा ने बताया कि 90 फीसदी से कम अंक लाने वाले छात्रों को विज्ञान संकाय में दाखिला मिलना मुश्किल होगा. इसके अलावा लोयोला, संत कैरेंस, संत डोमेनिक हाइस्कूल और डीएवी की ओर से भी अगले माह फॉर्म जारी किया जायेगा.